प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उदयपुर

क्रमांक सीटीएई/सामान्य/प्रेसनोट/2017/   दिनांक 5 मई, 2017

प्रेस विज्ञप्ति

सीटीएई के कन्या छात्रावास का लोकार्पण एवं टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्युबेशन सेन्टर (TBIC)का उद्घाटन

उदयपुर 5 मई, 2017! महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के संघटक प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय उदयपुर के कन्या छात्रावास का लोकार्पण एवं टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्युबेशन सेन्टर का उद्घाटन श्रीमती किरण माहेश्वरी, माननीया उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार एवं माननीय श्री फूलसिंहजी मीणा, उदयपुर ग्रामीण विधायक, उदयपुर के कर कमलों द्वारा दिनांक 6 मई 2017 का प्रातः 9 बजे किया जायेगा। कन्या छात्रावास का निर्माण राज्य सरकार के राज्य आयोजना तकनीकी शिक्षा के 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत किया गया है, जिसमें 75 कमरों का निर्माण किया गया है जिसकी कुल लागत 3 करोड़ आयी है। छात्रावास में 150 छात्राएँ रह सकेगी।

उदयपुर संभाग के लिए टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्युबेशन सेन्टर की स्थापना तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार का कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत अभ्यार्थियों के चयन के उपरान्त इनोवेटर्स एवं उद्यमी तैयार किये जायेगें जिससे वे आगे चलकर अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ कर सकें। इसके अन्तर्गत एक केन्द्रीयकृत बेबसाईट प्रारंभ की जा चुकी है। इस वेबसाईट पर समस्त केन्द्रों के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर विभिन्न स्टेजेज हेंतु एडमीशन प्रोसेस एवं एलीजिबिटी के विवरण के अतिरिक्त केन्द्र के बारें में जानकारी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यार्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकता है।

(डॉ. एस.एस. राठौड़)
अधिष्ठाता

श्रीमान् संपादकजी...................................